रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन) : (क) जी, नहीं ।

(ख) संसाधनों की तंगी के कारण ।

मध्य प्रदेश में छोटी रेल लाइनों का बड़ी रेल लाइनों में बदला जाना

466. श्रीमती उषा कुमारी : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या 1991 के दौरान मध्य प्रदेश में छोटी रेल लाइनों को बड़ी रेल लाइनों में बदलने के संबंध में कोई योजना सरकार के विचाराधीन है ; यदि हां, तो कितनी छोटी रेल लाइनों को बड़ी रेल लाइनों में बदला जाएगा ; और

(ख) इस संबंध में ब्यौरा क्या है ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन) : (क) जी नहीं ।

(ख) प्रश्न नहीं उठता ।

White papers on Steel Production

467. SHRI HARVENDRA SINGH HANSPAL: Will the Minister of STEEL be pleased to state:

(a) whether Government have asked Steel Authority of India to prepare a White Paper on how to increase productivity;

(b) if so, whether the production in many steel plants has fallen due to shortage of coal and power; and

(c) if so, what further steps Government propose to take to boost production?

THE MINISTER OF STATE (INDEPENDENT CHARGE) OF THE MINISTRY OF STEEL (SHRI SONTOSH MOHAN DEB): (a) Recently the Govem-ment have asked Steel Authority of India to prepare a paper for the consideration of the Government analysing reasons for shortfall in production suggesting the ways and means to improve the productivity and production, to cut down production costs and indicating steps for facilitating quicker decision making.

(b) It is correct to say that coal and power shortages have also contributed towards the shortfall in steel production against targets in 1990-91.

(c) Among the main steps being taken to boost steel production, are the constant interaction with suppliers of indigenous coal and power to augment supplies, better management of imported coking coal, increased captive power generation, modernisation of steel plants, improved maintenance of plant and equipment adoption of better technological and manpower discipline etc. in SAIL plants.

शाहगंज से मऊ तक मीटर लाईन को बड़ी लाईन में बदला जाना

468. श्री राम नरेश यादव : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या शाहगंज जंक्शन से मऊ जंक्शन के बीच मीटर लाइन को बड़ी लाइन में बदलने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; और

(ख) यदि हां, तो इस परियोजना पर कब तक काम शुरू हो जाएगा और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन) (क) जी नहीं ।

(ख) संसाधनों की तंगी तथा भारी वचनबद्धताएं हाथ में होने के कारण शाहगंज मऊ मी. ला. खण्ड को बड़ी लाइन में बदलने के संबंध में विचार करना फिलहाल कठिन है ।

'Saloons' under operation in the country

469. SHRr SATYA PRAKASH MALAVIYA Will-the Minister of RAILWAYS be pleased to-state:(a) what is the total number of Saloons under operation in the country;